supplies and stocks of coking coal at the steel plants. The production of steel was further affected adversely by shortage of power. It has been estimated that the total loss of production of saleable steel at the integrated steel plants on account of floods, short supply of coking coal and shortage of power during the months of September and October, 1978, was well over one lakh tonnes.

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

740. **श्री बी० जी० हांडे :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1982-83 तक देश का प्रत्येक व्यक्ति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अन्तर्गत आ जाएगा ; और

(ख) क्या उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से महाराष्ट्र की जनता को भी लाभ होगा ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) जी हां ।

31-3-1978 की स्थिति के अनुसार 5,400 प्राइमरी हैल्थ सेंटर 5,258 ब्लाकों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं । संशोधित न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम में 1987-88 तक प्रत्येक 50,000 जनसंख्या के लिए एक एक प्राइमरी हैल्थ सेंटर और प्रत्येक 5,000 के लिए एक एक उप-केन्द्र खोलने का विचार है ।

(ख) जी हां ।

नासिक जिले में डाकघर

741. **श्री बी० जी० हांडे :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महाराष्ट्र में वहां की जनसंख्या के अनुपात से डाकघरों तथा उप-डाकघरों की संख्या कम है ;

(ख) क्या लोगों को डाक सुविधायें प्राप्त करने के लिये लगभग 2-1/2 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है ;

(ग) क्या सरकार का विचार स्थानीय लोगों की कठिनाइयों को दूर करने के लिये और अधिक डाकघर तथा उप-डाकघर खोलने का है ; और

(घ) यदि हां, तो कितने अतिरिक्त डाकघर खोलने का विचार है तथा कब तक ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) : (क) जी नहीं । नासिक जिले में सभी प्रकार के 494 डाकघर हैं, जबकि पूरे महाराष्ट्र में 9896 डाकघर हैं । नासिक जिले में 79 उप-डाकघर हैं, जबकि महाराष्ट्र में 1729 उप-डाकघर हैं । नासिक जिले में प्रत्येक डाकघर औसतन 4816 व्यक्तियों को डाक सेवा देता है, जबकि महाराष्ट्र में प्रत्येक डाकघर औसतन 5058 व्यक्तियों को डाक सेवा देता है ।

(ख) देहाती इलाकों में लोगों को डाक सुविधायें प्राप्त करने के लिये 3 किलो मीटर तक चलना पड़ सकता है, क्योंकि विभाग के मान-दंडों के अनुसार देहाती इलाकों में मौजूदा डाकघरों से 3 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर डाकघर खोले जाते हैं ।

(ग) और (घ). जी हां । वर्ष 1978-79 के दौरान 50 डाकघर खोलने का प्रस्ताव है, जिनमें 5 उप-डाकघर शामिल हैं । देहाती इलाकों में 45 डाकघर खोले जायेंगे और शेष डाकघर शहरी इलाकों में खोले जायेंगे ।

उत्तर प्रदेश में 3 से 6 हजार की जनसंख्या वाले गांव, जहां कोई डाकघर नहीं है

742. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में 3 से 6 हजार की जनसंख्या वाले ऐसे कितने गांव हैं जहां कोई डाकघर नहीं है ;

(ख) इसके क्या कारण हैं ;

(ग) ऐसे गांवों से कितने आवेदनपत्र सरकार के विचाराधीन हैं ; और

(घ) रामपुर जिले से ऐसे कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) : (क) से (घ). अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में टेलीग्राफ और ट्रंक काल की सुविधा वाले डाकघर

743. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में डाकघरों और उप-डाकघरों की संख्या क्या है;

(ख) क्या प्रत्येक डाकघर में टेलीग्राम और ट्रंक काल की सुविधायें उपलब्ध हैं;

(ग) यदि नहीं, तो कितने डाकघरों में ऐसी सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं; और